E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
संख्या – 17–तक0 को0–312/2018– Part-II 2167

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

बंदोबस्त पदाधिकारी,
बेगूसराय/खगड़िया/लखीसराय/जहानाबाद/अरवल/
शिवहर/किशनगंज/अररिया/कटिहार/पूर्णियाँ/
सीतामढ़ी/सुपौल/सहरसा/मधेपुरा/प0 चम्पारण/
बांका/जमुई/शेखपुरा/मुंगेर एवं नालंदा।

पटना, दिनांक :–31-07-2021

विषय :– विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया अन्तर्गत भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में प्रपत्र–6 की डाटा इंट्री की जाँच के सम्बन्ध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त नियमावली, 2012 (संशोधित, 2019) के नियम–9 के उप नियम–1 के तहत् खानापुरी प्रक्रिया के क्रम में खेसरा पंजी (प्रपत्र–6) तैयार किया जाता है। तत्पश्चात् विशेष सर्वेक्षण अमीन द्वारा भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में संधारित खेसरा पंजी (प्रपत्र–6) के हॉर्ड प्रति से डाटा इंट्री किया जाता है। दिनांक–27.07.2021 को हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के साथ निदेशालय स्तर पर की गई समीक्षा में एजेंसियों द्वारा दिए गए प्रतिवेदन से स्पष्ट हुआ है कि भू–नक्शा सॉफ्टवेयर अंतर्गत L.P.M तैयार करने में कतिपय समस्या आ रही है। राजस्व ग्राम के कुछ खेसरा का L.P.M निर्गत नहीं हो रहा है, इससे यह पता चलता है कि भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में किये जा रहे डाटा इंट्री में त्रुटि रहने के कारण L.P.M निर्गत होने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है।

अतः उक्त के आलोक में विशेष सर्वेक्षण अमीन द्वारा खेसरा पंजी संधारित करने एवं डाटा इंट्री के समय निम्न तथ्यों पर ध्यान देना आवश्यक हैः–

(i) प्रपत्र–6 में रैयतों के खेसरावार रकबा की प्रविष्टि हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा खानापुरी अपडेटेड मानचित्र के आधार पर उपलब्ध कराए गए खेसरा एवं उसके रकबा के अनुसार होना चाहिए।
(ii) भूमि का वर्गीकरण Vs खेसरे का भू–उपयोग। (समान होना चाहिए)
(iii) धारण के प्रकार Vs नेवैयत। (समान होना चाहिए)
(iv) खेसरे की भौतिक विवरणी Vs भूमि का वर्गीकरण। (समान होना चाहिए)
(v) संधारित खेसरा पंजी से सही–सही खेसरा संख्या एवं रकबा (उपरोक्त (i) के अनुरूप) का भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर के प्रपत्र–6 में डाटा इंट्री किया जाना है।

उपरोक्त (ii), (iii) एवं (iv) को विशेष तौर पर जाँच का मूल उद्‌देश्य Attribute डाटा के आपसी संबंध का सही संधारण हो। उदाहरण के तौर पर किसी खेसरा में भौतिकी विवरणी में "प्राथमिक विद्यालय" दर्ज है और उसके धारण का प्रकार में "बंदोबस्त की गई अहस्तांतरणीय" भूमि है तो यह एक बेमेल ऑकड़ा होगा। ऐसी डाटा इंट्री होने पर L.P.M निर्गत नहीं हो सकता। अतः यह भी आवश्यक है कि प्रपत्र–6 में डाटा इंट्री पश्चात् शिविर प्रभारी एक बार सम्बन्धित हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के साथ समन्वय स्थापित कर आँकड़ों का मिलान कर लें। साथ ही किसी तरह की तकनीकी समस्या के लिए निदेशालय के आई0टी0 प्रोग्रामर, श्री प्रिन्स कुमार, मोबाईल नं0–7765803619 एवं श्री कुणाल कुमार, मोबाईल नं0–9835860066 से अविलंब संपर्क कर समस्या को दूर कर लिया जाए।

अतः अनुरोध है कि भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर के प्रपत्र–6 में किये गए डाटा इंट्री का विशेष सर्वेक्षण कानूनगो/विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा पूर्णतया संतुष्ट होने के बाद ही भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में प्रपत्र–6 के डाटा को निदेशालय के पत्रांक–2111 दिनांक–27.07.2021 के आलोक में Freeze करने की कार्रवाई की जाए। शिविर प्रभारी सुनिश्चित करेंगे कि जिस ग्राम का प्रपत्र–6 का डाटा भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में संधारित किया गया हैं उसे खानापुरी पश्चात् नक्शा "भू–नक्शा सॉफ्टवेयर" में अपलोड होने की पुष्टि के पश्चात् Freeze करेंगे।

विश्वासभाजन

(जय सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17– तक0को0–312/2018 Part-II-2167 **पटना, दिनांक** 31-07-2021

प्रतिलिपिः– प्रभारी पदाधिकारी–सह–अपर समाहर्त्ता/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मुख्यालय), बेगूसराय/खगड़िया/लखीसराय/जहानाबाद/किशनगंज/अररिया/शेखपुरा/अरवल/कटिहार/पूर्णियाँ/सीतामढ़ी/सुपौल/सहरसा/मधेपुरा/प0चम्पारण/जमुई/मुंगेर/नालंदा/शिवहर/बांका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17– तक0को0–312/2018 Part-II-2167 **पटना, दिनांक** 31-07-2021

प्रतिलिपि :– जिलों से संबंधित तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित एवं हवाई सर्वेक्षण एजेंसी शिविर प्रभारी से सम्पर्क कर प्रपत्र–6 के डाटा को Freeze करने के उपरान्त L.P.M Generate कराना सुनिश्चित करेंगे।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17– तक0को0–312/2018 Part-II-2167 **पटना, दिनांक** 31-07-2021

प्रतिलिपि : एल0आई0एस0 सलाहकार, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17– तक0को0–312 / 2018 Part-II-......2167...... **पटना, दिनांक**...31-07-2021...

प्रतिलिपिः प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप / संबंधित जिलों के निदेशालय स्तरीय नोडल पदाधिकारी / प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण शाखा, भू–अभिलेख एवं परिमाप / श्री कन्हैया कुमार, जी0आई0एस0 लैब, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17– तक0को0–312 / 2018 Part-II-......2167...... **पटना, दिनांक**...31-07-2021...

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

30/7/21